(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान किन-किन क्षेत्रों में ऐसी गाड़ियां चलाई गई हैं;

(ग) उनमें से कितनी गाड़ियां लम्बी दूरी की हैं ; और

(घ) आगामी वर्षों के लिए इस बारे में बनाई गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) और (घ) : सामान्यत: दीर्घकालीन नीति के रूप में लम्बी दूरी की श्रेणी-रहित गाड़ियां आरम्भ करने का प्रस्ताव है जिसमें साधारण दूसरा दर्जा, दूसरे दर्जे के शयनयान और दूसरे दर्जे के वातानुकूल शयनयान होंगे। इसको दृष्टिगत रखते हुए, पहले दर्जे के साधारण सवारी डिब्बों का उत्पादन बन्द कर दिया गया। छोटी दूरी की गाड़ियों के मामलों में कुछ गाड़ियों को छोड़कर सभी गाड़ियों से ऊंचा दर्जा हटा दिया गया है। बहरहाल, निकट भविष्य में रेलों को कोचिंग स्टाक की उपलब्धता और यातायात की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए साधारण पहले दर्जे और अन्य ऊंचे दर्जों सहित लम्बी दूरी की गाड़ियां चलानी पड़ेंगी।

(ख) कुछ नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

दिल्ली अहमदाबाद सुपर फास्ट गाड़ी को जोधपुर के रास्ते चलाना

876. श्री विरदा राम फुलवारिया : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जोधपुर रेल डिवीजन ने रेल बोर्ड को प्रस्ताव किया है कि दिल्ली-अहमदाबाद सुपर फास्ट गाड़ी को सप्ताह में तीन बार जोधपुर के रास्ते चलाया जाये;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस प्रस्ताव पर विचार कर रही है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) से (ग) दिल्ली और अहमदाबाद के बीच जोधपुर के रास्ते कोई गाड़ी चलाने का प्रस्ताव नहीं है। बहरहाल, 1-4-83 से दिल्ली और अहमदाबाद के बीच सप्ताह में चार दिन, दिल्ली और जोधपुर के बीच सप्ताह में तीन दिन तथा अहमदाबाद और जोधपुर के सप्ताह म दो दिन प्रयोगात्मक रूप में एक सुपरफास्ट चलाने की योजना बनायी गयी है।

दिल्ली अहमदाबाद के बीच सुपर फास्ट गाड़ी चलाना

877. श्री विरदा राम फुलवारिया: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) क्या दिल्ली तथा अहमदाबाद के बीच एक सुपर फास्ट गाड़ी चलाने का कोई प्रस्ताव है ;

(ख) क्या इस गाड़ी को सप्ताह में तीन बार अजमेर-आबूरोड के मार्ग से चलाने का प्रस्ताव है ;

(ग) क्या इस लाइन पर इस गाड़ी को चलाने का पूर्वाभ्यास भी कर लिया गया है ; और

(घ) यदि हां, तो यह गाड़ी किन-किन स्टेशनों पर तथा किस-किस समय रूकेगी ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) से (घ) जी हां। दिल्ली और अहमदाबाद के बीच अजमेर आबू रोड के रास्ते प्रयोग के रूप में सप्ताह में चार दिन एक सुपर फास्ट गाड़ी चलाने की योजना बनायी गयी है। इस